रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 14] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 3, 1965 (चैत्र 13, 1887)

No. 14] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 3, 1965 (CHAITRA 13, 1887)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 23 मार्च 1965 तक प्रकाशित किए गए थे :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 23rd March, 1965 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
24	No 3(8) 3G IV dated 20th March 1965	Ministry of Food & Agriculture	Appointment of a study Team of Indian and Swedish experts to conduct a general Survey and analysis of questions relating to the establishment of an efficient grain storage system in India
25	No 104 I C 65, dated 20th March 1965	Lok Sabha	Amendments to Directions by the Speaker under the Rules of Procedure of Lok Sabha
	सं० 101/1/सी०/65 दिनांक 20 मार्च 1965	लोकसभा	लोकसभा के प्रक्रिया संबंधी नियमों के अधीन अध्यक्ष द्वारा दिये गए निर्देशों में संशोधन
26	No 16-IIC(PN)/65, dated 20th March 1965	Ministry of Commerce	U S Aid Programme—Chartering of Ocean vessels and embargo on certain vessels for transport of AID—financed goods
27	No 17 IIC(PN)/65 dated 23rd March 1965	Do	Import of machinery components thereof equipment other commodities and raw materials from the U S A under AID Loan No 103
28	No 13/25/64-FP(Agri) dated the 23rd March 1965	Do	Setting up of a study group on Cashew experts Production and Supply
	सं० 13/25/64-वि० सं० (कृषि), दिनांक 23 मार्च, 1965	वाणिज्य मंत्रालय	काजू के निर्यात उत्पादन तथा संभरण के लिये अध्ययन दल की स्थापना।

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines Delhi Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes

विषय-सूची

CONTENTS

	पृष्ठ Pages
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	155
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियां, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	259
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	161
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—

पृष्ठ
Pages

भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य-क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित है) .. 539

भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये आदेश और अधिसूचनाएं 1081

भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश 85

भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 191

Pages

भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें .. 11

भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं .. 2

भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं .. 236

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें .. 6

पूरक सं० 14—

27 मार्च, 1965 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट .. 439

6 मार्च, 1965 को समाप्त होनेवाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से संबंधित आंकड़े .. 449

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 155

PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 259

PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence .. .. —

PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Officers issued by the Ministry of Defence 161

PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills .. .. —

PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories .. 539

PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories 1081

PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence .. 85

PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India 191

PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. 113

PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners 23

PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 2363

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 65

SUPPLEMENT No. 14—

Weekly Epidemiological Reports for week-ending 27th March 1965 439

Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 6th March 1965 449

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 मार्च 1965

सं० 23-प्रेज/65—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित वीरता के लिये "अशोक चक्र, द्वितीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते है :—

1. 1006 विलेज गार्ड सूबेदार थेपफुरिले अंगामी,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—23 जून 1963) ।

16 जनवरी 1961 को सूबेदार (सब जमादार) थेपफुरिले अंगामी को उपयुक्त कार्यवाही की योजना बनाने के लिये, 9 विलेज गार्ड के साथ एक जंगल मे उपद्रवियों के एक शिविर का और उसकी लगभग संख्या शक्ति का पता लगाने के लिये तैनात किया । सूबेदार अंगामी ने उस शिविर का पता लगा लिया जिसमें लगभग 20 उपद्रवी थे । यह अनुभव करते हुए कि अगर वह बड़ी कुमुक लेने के लिये वापस गए तब तक सारे शत्रु जंगल में छिप सकते हैं अतः उन्होंने अपने दल की छोटी टुकड़ी के साथ ही तुरन्त हमला करने का निश्चय किया । यह आक्रमण बहुत सफल सिद्ध हुआ और भी कई गत अन्य अवसरों पर उन्होंने उपद्रवियों के विरुद्ध गश्ती दल का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया ।

जून 1963 में विलेज गार्डों मे से एक दल उपद्रवियों के बारे में कूटनीति से पता लगाने के लिये संगठित किया गया । सूबेदार अंगामी ने उस दल के कप्तान के रूप में काम किया । उन्होंने छिपे रूप से बहुत उपयोगी सूचनाएं उपलब्ध कीं जिससे उपयुक्त कार्यवाही की जा सकी । एक बार उस दल का उपद्रवियो की एक दुगनी संख्या की टोली से सामना हो गया । सूबेदार थेपफुरिले अंगामी ने बहुत धैर्य के साथ अपना दायित्व निभाया तथा बिना कोई संदेह उत्पन्न किये उनके दल से बच निकलने में सफल हुए ।

सूबेदार थेपफुरिले अंगामी ने सदैव उत्कृष्ट वीरता, साधन सम्पन्नता और उच्च श्रेणी के नेतृत्व का परिचय दिया ।

2. श्री पैट्रिक एडवर्ड क्रीज़ल (मरणोपरांत) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 मार्च 1964) ।

8 मार्च 1964 को श्री पैट्रिक एडवर्ड क्रीज़ल 38 डाउन मद्रास हावड़ा एक्सप्रेस रेलगाड़ी के चालक थे । जब रेल एक स्टेशन से गुज़र रही थी, उन्होंने देखा कि आगे पटरी पर दूसरी रेलगाड़ी है । खतरा सन्निकट अनुभव करते हुए, उन्होंने गाड़ी को ठहराने के लिये सब ब्रेकों का प्रयोग किया तथा अपने दो फायरमैनों को अपनी जान बचाने के लिये इंजन से कूद जाने के लिये चिल्लाए, किन्तु वह स्वयं अपनी ड्यूटी पर रहे तथा इंजन से कूद कर जान बचाने की बजाय मृत्यु का सामना किया । अपने जीवन के मूल्य पर श्री क्रीज़ल ने रेलगाड़ियों में टक्कर की भयंकरता को कम करने में काफी सफलता पाई जिससे जन-जीवन की क्षति भी कम हुई ।

श्री पैट्रिक एडवर्ड क्रीज़ल ने प्रतिउत्पन्न मति, उदाहरणीय साहस और आत्म बलिदान का परिचय दिया ।

3. 2365 विलेज गार्ड सूबेदार जेविशे सीमा ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 जनवरी 1964) ।

14 जून 1963 को सूबेदार जेविशे सीमा 11 विलेज गार्डों को साथ लेकर जब घने जंगलों के रास्ते एक सीधी चढ़ाई पर जा रहे थे तो 35 सशस्त्र उपद्रवियों के एक दल ने उन्हें घेर लिया । उपद्रवियों की गोलियां बहुत पास से आने लगीं । गोलियों की बौछारों के होते हुए भी सूबेदार जेविशे ने शान्त साहस और बड़ी सूझबूझ के साथ काम किया और उन्होंने एक हथगोला फेंका तथा अपने साथियों को उपद्रवियों पर वार करने के लिये दो दलों में बांट दिया और चारों ओर से आक्रमण कर घेरे को नष्ट कर दिया ।

15 जनवरी 1964 को सूबेदार जेविशे को 15 विलेज गार्डों के साथ उपद्रवियों से पीड़ित क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिये भेजे गए जुनहिबोतो के एडीशनल डिपुटी कमीश्नर के काफिले की सुरक्षा करने का कार्य सौपा गया । सूबेदार जेविशे सीमा ने चार विलेज गार्डों के आगे चलने वाली गाड़ी में चलने के लिये अपने को समर्पित किया । जब उनकी गाड़ी एक गांव में पहुंची तो उपद्रवियों ने उसे घेर लिया और छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी आरम्भ कर दी । एक गोली उनकी जांघ पर आ लगी और वे नीचे गिर पड़े और बुरी तरह खून गिरने लगा । उनकी पिस्तौल में भी गोली लगी और वह खराब हो गई । उन्होंने अपने एक साथी की राइफल छीनकर रेंगते हुए गोलियां चलाने की स्थिति पर आकर उपद्रवियों को आगे बढ़ने से रोका और साथ ही साथियों को आदेश दिया कि वे जमे रहें । उनके साथियों ने उपद्रवियों का तब तक कारगर मुकाबिला किया जब तक कि मुख्य सुरक्षा दल नहीं पहुंचा और उपद्रवियों को अपनी स्थिति से वापिस होने के लिये मजबूर कर दिया । इस प्रकार नाजुक घड़ियों के दौरान केवल अपने अधीनस्थ 4 साथियों के साथ सूबेदार जेविशे सीमा ने शत्रु की काफी बड़ी शक्ति के प्रहार को अस्तव्यस्त कर दिया ।

सूबेदार जेविशे सीमा ने उत्कृष्ट वीरता, कर्तव्यपरायणता तथा नेतृत्व का सुन्दर परिचय दिया ।

सं० 24-प्रेज/65—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित वीरता के लिये उनको "वीर चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते है :—

1. 2/लैफ्टि० विनोद कुमार गोस्वामी (आई० सी०—12323), 4 गढ़वाल राइफल्स (मरणोपरांत) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 नवम्बर 1962) ।

14 नवम्बर 1962 को 2/लैफ्टि० गोस्वामी को नेफा में तवांग चू नदी के उत्तरी ओर चीनियों की गतिविधियों पर दृष्टि रखने के लिये तथा यदि सम्भव हो तो एक चीनी को बन्दी बनाने का काम सौंपा गया । वह अपने गश्ती दल को घने जंगल से होकर ले गए और नदी के दक्षिण ओर अड्डा स्थापित कर लिया । उन्होंने 20 चीनी सैनिकों को शाम को रहो गांव में एक झोंपड़े के पास रात बिताने के लिये रुकते देखा ।

अंधेरा होने पर 7 जवानों को साथ लेकर 2/लैफ्टि० गोस्वामी ने नदी पार की । कुछ समय बाद वह अपने गश्ती दल को लेकर झोंपड़े की ओर गए । 2/लैफ्टि० गोस्वामी ने एक आदमी को मार्ग

में बैठे देखा जिसे शीघ्र ही पहचान लिया कि वह चीनी संतरी है। वह उसकी ओर एक सशस्त्र सैनिक के साथ चुपके-से बढ़े और उसे दबोच लिया तथा उसकी राइफल छीनने के साथ उसका मुंह तौलिये से लपेट दिया। इस हाथापाई से दूसरा चीनी सैनिक झोंपड़े के बाहर आ गया: यद्यपि उसने गोली चलाई, फिर भी 2/लैफ्टि० गोस्वामी ने उसे बायनट मार दिया। हमारी बचाव टुकड़ी ने स्टेनगन से गोली चलाना और हथगोले फेंकना प्रारम्भ कर दिया जिसके परिणामस्वरूप झोंपड़े तथा गांव में खलबली मच गई। 2/लैफ्टि० गोस्वामी ने यह समझ कर कि चीनी सन्तरी को साथ लाना सम्भव नहीं है, शत्रु से छीनी राइफल का कुंदा उसके सिर में मार दिया और अपने अड्डे की ओर चल पड़े। इसके उपरान्त वह नहीं देखे गए। शेष दल 15 नवम्बर प्रातःकाल अपने मुख्यालय को वापस आ गया।

इस कार्यवाही में 2/लैफ्टि० विनोद कुमार गोस्वामी ने उदाहरणीय साहस, पहल शक्ति तथा नेतृत्व शक्ति का परिचय दिया जो कि भारतीय सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल है।

2. लैफ्टि० उजागर सिंह तेजे (जे० के० सी०–30), 13 जम्मू तथा काश्मीर मिलिशिया। (मरणोपरांत)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर 1964)।

लैफ्टि० तेजे जम्मू तथा काश्मीर मिलिशिया की एक कम्पनी का जम्मू तथा काश्मीर की घाटी में कमान कर रहे थे। जब 22 सितम्बर 1964 को उनकी एक प्लाटून पर लगभग 50 पाकिस्तानी अतिक्रमियों ने मार्टर तथा मझोली मशीन गन सहित आक्रमण कर दिया। अपनी एक टुकड़ी का स्वयं नेतृत्व करते हुए उन्होंने साहसपूर्वक चौकी की सुरक्षा की और अतिक्रमियों को भारी क्षति पहुंचा कर पीछे हटा दिया किन्तु शत्रु की एक मशीन गन की गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में लैफ्टि० उजागर सिंह तेजे ने भारतीय सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

3. जे० सी०–4852 सूबेदार नन्दा बहादुर गुरुंग, 3/8 गोरखा राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर 1964)।

22 सितम्बर 1964 को सूबेदार नन्दा बहादुर गुरुंग एक टुकड़ी के लीडर थे। उनकी टुकड़ी जम्मू तथा काश्मीर में एक बहुत दुर्गम पहाड़ी पर अच्छी एवं आधिपत्यपूर्ण जगह पर स्थित पाकिस्तानी अतिक्रमियों से मोर्चा ले रही थी। अतिक्रमी उनकी टुकड़ी पर निरन्तर मझोली मशीन गन से गोलियां चला रहे थे। सूबेदार गुरुंग ने यह अनुमान किया कि यदि मझोली मशीन गन शांत न हुई तो उनकी ओर भारी क्षति होगी। सूबेदार गुरुंग रेंगते हुए आगे बढ़े और एक हथगोला फेंका तथा अतिक्रमी की मशीन गन की खाई में दौड़ कर घुस गये; मशीन गन छीन ली और मशीन गन चालक को खुखरी से मार डाला। इस भयंकर मोर्चे में सूबेदार नन्दा बहादुर गुरुंग निरन्तर अपने साथियों के लिये प्रेरणा का स्रोत थे और उन्होंने भारतीय सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

सं० 25-प्रेज/65—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को वीरता के लिये "अशोक चक्र, तृतीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. 1628 बी० जी० हवलदार गेतूकली अंगामी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 सितम्बर 1961)।

हवलदार गेतूकली अंगामी। मार्च 1959 से 20 मई 1961 तक एक चौकी के द्वितीय कमांडर थे तथा उसके बाद वह कमांडर नियुक्त हुए। उनके उत्साहवर्धक नेतृत्व में उनकी चौकी कई उपद्रवियों को पकड़ने तथा कुछ गोला-बारूद छीनने में सफल हुई। उन्होंने अपने क्षेत्र में स्वयं अनेकों बार उपद्रवियों के विरुद्ध सक्रियाओं में नेतृत्व किया तथा सफलता प्राप्त की है।

15/16 सितम्बर की रात्रि को इनके एक गश्ती दल को उपद्रवियों ने घेर लिया तथा एक ग्राम रक्षक घायल हो गया। अनेक बाधाओं के होते हुए हवलदार अंगामी ने शीघ्र ही उपद्रवियों पर धावा बोल दिया तथा अति निकट से एक उपद्रवी को गोली से मार दिया। इस साहसिक कार्यवाही से उपद्रवी इतने हतोत्साह हो गये कि वह मृत को राइफल के साथ छोड़ कर भाग गए।

हवलदार गेतूकली अंगामी ने उच्च श्रेणी की वीरता तथा नेतृत्व शक्ति का परिचय दिया है।

2. 1313448 लांस नायक शनमुगा मुदालियर चिदाम्बरम, इंजीनियर्स (मरणोपरान्त)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 फरवरी 1963)।

लांस नायक चिदाम्बरम को भूटान में कठिन तथा पथरीली भूमि पर सड़क बनाने के लिये ब्वाइंट डोजर को चलाने के लिये नियुक्त किया गया था।

5 फरवरी 1963 को जब वह डोजर को एक विशेष कठिन तथा ढालू स्थान पर चला रहे थे, तो दूसरे चालक ने उन्हें आगाह किया कि पहाड़ी की तरफ से एक बहुत बड़ा भूभाग कट कर मशीन की ओर आ रहा है। लांस नायक ने डोजर को नहीं छोड़ा तथा अपनी सुरक्षा की परवाह न करके वह डोजर को चला कर उसे बचाने का प्रयत्न करने लगे, किन्तु थोड़े ही समय में मशीन तथा वह स्वयं एक भारी भूस्खलन के नीचे दब गए। उनके बचाव की कार्यवाही शीघ्र की गई किन्तु जब तक बचाव दल उस स्थान पर जहां वह दबे हुए थे वहां पहुंचा, उनकी मृत्यु हो गई।

लांस नायक शनमुगा मुदालियर चिदाम्बरम ने भारतीय सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल उच्च साहस तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

3. 1819 बी० जी० हवलदार देहथोंग।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 जून 1963)।

एक कुख्यात सशस्त्र उपद्रवी दल देशभक्त ग्रामीणों को भयभीत कर रहा था। काफी समय से उनके जंगल में छुपने के स्थान का पता न चल सका था। 12 और 13 जून 1963 की रात को हवलदार देहथोंग उनके छुपने के स्थान की सूचना पाकर 25 ग्राम रक्षकों को लेकर आक्रमण करने के लिये चल पड़े। उन्होंने उस स्थान को ढूंढ लिया किन्तु उपद्रवी काफी थे जो एल० एम० जी० स्टेनगन, राइफल्स तथा हथगोलों से लैस थे। हवलदार देहथोंग के दल की संख्या तथा शस्त्र शक्ति बहुत कम थी। इस पर भी उन्होंने उपद्रवियों को घेरने तथा आक्रमण करने का निश्चय किया। उपद्रवियों ने अपने सब शस्त्रों से गोलियां चलाना प्रारम्भ किया परन्तु हवलदार देहथोंग के नेतृत्व में ग्राम रक्षक उनके छुपे हुए स्थान को नष्ट करने में सफल हो गए।

हवलदार देहथोंग ने इस मुठभेड़ में उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व शक्ति का परिचय दिया।

4. ए० एस० आई० विलापली अंगामी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1963)।

ए० एस० आई० विलापली अंगामी का उपद्रवियों के विरुद्ध संक्रियाओं में बहुत ही अच्छा रिकार्ड रहा। अगस्त 1959 में उन्होंने एक ग्राम रक्षक दल का, एक कुख्यात उपद्रवी को पकड़ने में, मार्गदर्शन किया और उसे पकड़ लिया। सितम्बर 1963 को उपद्रवियों के एक छिपने के स्थान का पता पाकर वह एक ग्राम रक्षक दल के साथ फौरन उस पर हमला करने के लिये गए। उपद्रवियों के सन्तरी ने गोली चला दी, उस समय ए० एस० आई० विलापली अंगामी अगली टुकड़ी के पीछे थे। उन्होंने यह अनुभव

किया कि दल को इकट्ठा करने में समय लगेगा तथा इतने समय में उपद्रवी भाग जाएंगे। यह अनुमान कर कि अंधेरे में उपद्रवी उनकी शक्ति का अंदाज न कर सकेंगे उन्होंने उनके छिपने के स्थान पर हमला बोल दिया। अचानक तथा भारी हमले के कारण उपद्रवी 5 मृतकों को छोड़ कर भाग गए।

इस कार्यवाही में ए० एस० आई० बिलापली अगामी ने उच्च श्रेणी के साहस, पहल शक्ति तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

5. 1563523 सैपर ज्ञान चन्द, कोर आफ इंजीनियर्स, (मरणोपरांत)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 अक्तूबर 1963)।

17 अक्तूबर 1963 को सैपर ज्ञान चन्द भूटान में एक सड़क के पथरीले भाग को चौड़ा करने के लिये एक भारी डोज़र चला रहे थे। जब एक चट्टान जिस पर मशीन का दाहिना भाग था, अचानक फट गई तथा मशीन फिसलने लगी तो उनके अधिकारी एन० सी० ओ० ने उन्हें कूद पड़ने के लिये आगाह किया किन्तु उन्होंने अपनी जीवन रक्षा के बजाय मशीन को बचाने का प्रयत्न किया। वह सफल न हो सके और मशीन के साथ गिर कर उनकी मृत्यु हो गई।

सैपर ज्ञान चन्द ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल सराहनीय साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

6. 3817 विलेज गार्ड सूबेदार तांगशीबा मारवती।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 अक्तूबर 1963)।

सितम्बर-अक्तूबर 1963 में सूबेदार मारवती ने उन उपद्रवियों के विरुद्ध बहुत-सी कार्यवाहियों में भाग लिया जो तंग घाटियों से युक्त एक दुर्गम और घने पर्वतीय क्षेत्र में खाइयों में छिपे हुए थे।

12 सितम्बर 1963 को सूबेदार मारवती केवल 15 विलेज गार्डों को साथ लेकर और पानी से भरे नालों को पार कर रात भर चलते रहने के बाद एक शिविर से उपद्रवियों को उखाड़ फेंकने में और उनमें से दो को घायल करने और बाकी कीमती सामग्री उपलब्ध करने में सफल हुए।

30 सितम्बर 1963 को उन्होंने स्वयं दो उपद्रवी शिविरों पर आक्रमण किया। पहले शिविर में पकड़े गए कागजात के आधार पर दूसरे शिविर पर प्रहार किया गया। केवल चार सैनिकों को साथ लेकर वह घने कांटेदार पौदों पर से घिसटते हुए उपद्रवियों की स्थिति के 10 गज़ की दूरी पर पहुंचे और वहां से हथगोलों की बौछार कर दी और फिर स्टेन मशीन से गोलियां चलाई। इसमें तीन उपद्रवी मारे गए और कुछ हथियार और उपस्कर भी हाथ आए। सूबेदार मारवती उपद्रवियों के भागने के रास्ते की ओर आगे बढ़े तथा उनमें से पांच को और घायल किया तथा अन्त में उपद्रवियों की स्थिति को तहस-नहस कर डाला।

सूबेदार तांगशीबा मारवती ने उत्कृष्ट वीरता तथा उच्च श्रेणी की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7. एबल सीमैन तेजा सिंह (ओ० नं० 45047)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 जनवरी 1964)।

13 जनवरी 1964 को आई० एन० एस० मैसूर के प्रोजेक्शन कमरे में आग लग गई जहां एक नाविक आग की लपेट में आकर बेहोश होकर पड़ा हुआ था। कमरे के अन्दर से बन्द होने के कारण अफसरों तथा नाविकों द्वारा अनेकों प्रयत्न किये जाने पर भी कोई कमरे में नहीं प्रविष्ट हो सका। जब सारी आशाएं टूट गईं तो एबल सीमैन तेजा सिंह ने नाविक को बचाने के लिये अन्तिम प्रयत्न के लिये अपने को अर्पित किया।

अपनी सुरक्षा की चिन्ता न कर एबल सीमैन तेजा सिंह घने धुएं तथा आग की लपटों के मध्य अन्दर घुसे, किवाड़ों को तोड़ा तथा घने अंधकार में बेहोश नाविक की तलाश की। नाविक को ढूंढ कर वह उसे बाहर सुरक्षित स्थान पर लाए। उन्होंने कीमती सामान को भी बचाया तथा अग्नि को आगे बढ़ने से रोका।

इस कार्यवाही में एबल सीमैन तेजा सिंह ने भारतीय नौ-सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप उदाहरणीय वीरता का परिचय दिया।

8. 3351817 सिपाही हरबंस सिंह, 5वीं बटालियन, सिख रेजीमेन्ट (मरणोपरांत)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 फरवरी 1964)।

10 फरवरी 1964 को सिपाही हरबंस सिंह एक राइफल प्लाटून के अग्रगामी स्काउट थे जो कि गत रात उपद्रवियों के एक छिपने के स्थान पर आक्रमण करने के लिये जाने वाली टोली में थी। जब टोली आगे बढ़ रही थी तो जंगल में एक छिपे हुए स्थान से एक उपद्रवी ने उस टोली के स्काउटों पर गोलियां चलाई। सिपाही हरबंस सिंह ने काठी से ही इस स्थिति पर गोलियां चलाई। वह उपद्रवी जख्मी हो गया और अपनी राइफल और गोला-बारूद पीछे छोड़ कर भाग खड़ा हुआ।

बाद में उपद्रवियों के गुप्त स्थानों को ढूंढने में लगी हुई टोली के एक दूसरे सेक्शन पर पास ही से उपद्रवियों की भारी गोलाबारी होने लगी। उपद्रवियों की गोलाबारी को बन्द करने का काम सिपाही हरबंस सिंह की प्लाटून को दिया गया। सिपाही हरबंस सिंह ने एक स्काउट की स्थिति ग्रहण की और उपद्रवियों की लगातार गोलाबारी के बावजूद भी वे घने जंगलों में अपनी सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व करते रहे। एक गोली उन्हें लगी जिसके कारण उनकी टांग जख्मी हो गई, लेकिन फिर भी वे आगे चलते गए। इसके बाद एक उपद्रवी ने लाइट मशीन गन से उन पर गोलियां चलाई तथा छाती पर गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

सिपाही हरबंस सिंह ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल उदाहरणीय साहस और निश्चय का परिचय दिया।

9. श्री अमृत लाल,

पुत्र श्री धुन्नु लाल, प्रस्थल बंगलो, पचमढ़ी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 मार्च 1964)।

पचमढ़ी में एक बंगले के चौकीदार को 1 मार्च 1964 को सन्देह हुआ कि एक कुख्यात फरार अपराधी रात में बंगले के संलग्न भाग में सम्भवतः ठहरा हुआ है। उसको पकड़ने के लिये चौकीदार ने अपने 16 वर्षीय पुत्र अमृत लाल को आदेश दिया कि वह मुख्य इमारत की निगरानी रखे तथा स्वयं तीन अन्य व्यक्तियों के साथ रसोई में स्थान ग्रहण किया। लगभग 8 बजे सायं अंधेरे में श्री अमृत लाल को प्रतीत हुआ जैसे कोई मुख्य इमारत को जाने के लिये सीढ़ियों पर चढ़ रहा है। उसने अपराधी को ललकारा जो तुरन्त ही एक बड़ा छुरा लेकर उस पर झपटा। श्री अमृत लाल ने उस पर अपनी बल्लम चला दी जिससे उसे गम्भीर घाव आया। अपराधी ने बल्लम छीन कर दूर फेंक दी और श्री अमृत लाल पर आक्रमण कर दिया। श्री अमृत लाल ने शोर मचाया जिससे अपराधी पीछे मुड़ कर भाग गया। बहुत खोज के बाद वह गम्भीर रूप से आहत नाले के पास पड़ा मिला, बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में श्री अमृत लाल ने उच्च श्रेणी के उदाहरणीय साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया है।

10. 140068 नायक अत्र बहादुर राय, असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 अप्रैल 1964)।

नायक अत्र बहादुर राय असम राइफल्स बटालियन के एक सैक्शन के कमांडर थे, जिसने 13 और 14 अप्रैल 1964 की रात्रि को एक उपद्रवी के छिपने के स्थान को नष्ट कर दिया था। उपद्रवियों जैसे वस्त्र पहन कर उनका कार्य एक सील मुख्य पंक्ति में आगे बढ़ना था जिससे उपद्रवियों के स्थान पर अचानक आक्रमण किया जा सके। उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया तथा बड़ा जोखिम उठा कर वह जंगल से होकर शत्रु की प्रेषण चौकी

तक गए । जब उनके जवानों ने लगभग आधे छुपे हुए उपद्रवी पकड़ लिये तो आधे उपद्रवियों ने, जो उच्च भूमि पर थे, जवाबी हमला कर दिया । नायक अवध बहादुर राय की लड़ाकू चेतना के प्रदर्शन के कारण सब जवाबी हमले व्यर्थ कर दिये गए ।

इस कार्यवाही में नायक अवध बहादुर राय ने प्रशंसनीय साहस तथा निश्चय शक्ति का परिचय दिया ।

11. श्री हीरा सिंह ठाकुर,

ग्राम सिमरोदा, पु० स्टे० जोरा, जिला मुरेना, मध्य प्रदेश ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 मई 1964) ।

5 मई की रात्रि को एक डाकू दल मध्य प्रदेश के सिमरोदा ग्राम में घुसा । ग्राम में पहुंच कर डाकू छोटे-छोटे दलों में बंट गए और एक दल जिसमें 5-6 डाकू थे, 55 वर्षीय ठाकुर श्री हीरा सिंह के घर में घुसा । डाकुओं ने हीरा सिंह की पत्नी को चाबियां सौंपने तथा सब नकदी व आभूषण देने के लिये विवश किया । उसने अपने पति तथा पुत्रों को सहायता के लिये पुकारा । श्री हीरा सिंह बाहर आए और डाकुओं से भिड़ गए । श्री हीरा सिंह ने सड़क कूटने का दुरपुट, जो उनके पास पड़ा था, उठा लिया और डाकुओं को पीटना प्रारम्भ कर दिया । दो डाकू मूर्छित हो गए और कुछ को इस मुठ-भेड़ में चोट लगी । डाकुओं ने उनकी पत्नी तथा पुत्रों को गोली मार दी और एक डाकू ने दुरपुट उनके हाथ से छीन लिया । जब उनमें से एक डाकू बन्दूक से उनकी ओर लक्ष्य कर रहा था तब उन्होंने डाकू से बन्दूक छीन ली और उसकी बट से उन्हें पीटने लगे । इस बीच में डाकुओं का दूसरा दल उसी स्थान पर आकर मूर्छित डाकुओं को उठा कर गोली चलाते हुए भागा जिससे दो व्यक्ति मारे गए । यदि श्री हीरा सिंह ने वीरता से लड़ाई न की होती तो डाकुओं ने गांव के बहुत-से घरों को लूट लिया होता ।

इस कार्यवाही में श्री हीरा सिंह ने उदाहरणीय साहस तथा दृढ़ता का परिचय दिया है ।

12. जे० सी० 19079 जमादार किशन लाल, ई० एम० ई० ।

(मरणोपरांत) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 अक्तूबर 1964) ।

अगस्त 1964 में एक तीन टन गाड़ी तीन व्यक्तियों के साथ सिन्धु नदी में गिर गई तथा उसका कोई चिह्न अवशेष न रहा । जमादार किशन लाल ने गाड़ी खोजने के लिये दृढ़ प्रयत्न किये किन्तु असफल रहे । अक्तूबर में जब जल घट गया तो गाड़ी का कुछ भाग दिखाई पड़ा । जमादार किशन लाल ने काम चलाऊ बेड़े की सहायता से उस गाड़ी को तथा 3 व्यक्तियों के शवों को खोजने का प्रयत्न किया । बड़ी कुशलता से वह हल्के बेड़े पर नदी की तीव्र धारा में से उस स्थान पर पहुंचने में सफल हो गए । तीन बार बर्फ जैसे ठंडे पानी में झुक कर उन्होंने गाड़ी को भिन्न-भिन्न स्थानों पर पकड़ने की चेष्टा की और अन्त में वह गाड़ी को पकड़ने में सफल हो गए । किन्तु जब वह गाड़ी को हटा रहे थे तो उनका बेड़ा उल्ट गया और वह नदी की तेज़ धार में गिर कर बह गए । वह इस प्रकार के खतरे एवं कठिन कार्य करने में अपने साथियों के लिये सदा प्रेरणा के स्रोत थे ।

जमादार किशन लाल ने भारतीय सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुरूप उदाहरणीय साहस, निश्चय शक्ति और निःस्वार्थ कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

वाई० डी० गंडेविया, राष्ट्रपति के सचिव

योजना आयोग

संकल्प

समाज कल्याण से सम्बन्धित पैनल

नई दिल्ली, दिनांक 5 मार्च 1965

सं० यो० आ०/स० क०/17(14)/64—योजना आयोग ने संकल्प संख्या यो० आ०/स० क०/17(14)/64 दिनांक 17 अक्तूबर, 1964 में गठित समाज कल्याण से सम्बन्धित पैनल का पुनर्गठन कर दिया है । यह पैनल समाज कल्याण से सम्बन्धित क्षेत्र में तीसरी पंचवर्षीय योजना के कार्यक्रमों की समीक्षा करेगा और चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान योजना आयोग को भावी कार्यक्रमों पर सलाह देगा ।

2. पुनर्गठित पैनल निम्न प्रकार से होगा :

1.	श्री तरलोक सिंह, सदस्य, योजना आयोग	अध्यक्ष
2.	श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख, अवैतनिक निदेशक, समाज विकास परिषद्, नई दिल्ली ।	सदस्य
3.	श्रीमती अचम्मा जे० मथाई, अध्यक्ष, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली ।	सदस्य
4.	स्वामी रंगनाथानन्द, रामकृष्ण मिशन, कलकत्ता ।	सदस्य
5.	डा० जे० एफ० बुलसारा, सदस्य, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, बम्बई ।	सदस्य
6.	श्रीमती श्याम कुमारी रवान, संसद् सदस्य, नई दिल्ली ।	सदस्य
7.	श्री वी० सी० केशवराव, संसद् सदस्य, नई दिल्ली ।	सदस्य
8.	डा० वी० जगनाथम्, प्राचार्य, समाज प्रशासन, भारतीय सार्वजनिक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली ।	सदस्य
9.	श्री सुगता दास गुप्त, संयुक्त निदेशक, गांधी अध्ययन संस्थान, वाराणसी	सदस्य
10.	श्रीमती रक्षा सरन, अध्यक्ष, महिला शिक्षा, राष्ट्रीय परिषद्, नई दिल्ली ।	सदस्य
11.	श्रीमती इंदिरा बाई जोशी, अवैतनिक मंत्री, बाल सहायता समिति, बम्बई ।	सदस्य
12.	श्रीमती मैरी क्लबवाला जादव, प्रधान, भारतीय समाज कार्य सम्मेलन, मद्रास ।	सदस्य
13.	श्री परिपूर्णानन्द वर्मा, प्रधान, अखिल भारतीय अपराध निवारण समिति, कानपुर ।	सदस्य
14.	डा० एम० एस० गोरे, प्रधान, समाज कार्य विद्यालयों का संघ, बम्बई ।	सदस्य
15.	प्रो० राजाराम शास्त्री, संकाय-अध्यक्ष, समाज विज्ञान संस्थान, वाराणसी ।	सदस्य

16. श्री टी० रामचन्द्रा, सदस्य
महामंत्री,
भारत सेवक समाज,
नई दिल्ली ।

17. श्री एल० सी० जैन, सदस्य
महा मंत्री,
ग्रामीण विकास के ऐच्छिक अभिकरणों का संघ,
नई दिल्ली ।

18. श्री एस० एच० पाठक, सदस्य
भारतीय प्रशिक्षित समाजिक कार्यकर्त्ता संघ,
नई दिल्ली ।

19. श्री के० एल० बोडिया, सदस्य
निदेशक,
विद्याभवन ग्रामीण संस्थान,
उदयपुर ।

20. श्रीमती वी० राजलक्ष्मी, सदस्य
मंत्री,
कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक निधि,
इन्दौर ।

21. श्रीमती शकुन्तला लाल, सदस्य
अवैतनिक महामंत्री,
नैतिक व सामाजिक आरोग्य संघ,
नई दिल्ली ।

22. श्री एम० जी० धर्मराज, सदस्य
महा मंत्री,
भारत की वाई० एम० सी० ए० की राष्ट्रीय परिषद्,
नई दिल्ली ।

23. कुमारी आई० वी० खान, सदस्य
महा मंत्री,
वाई० डब्ल्यू० सी० ए० की राष्ट्रीय परिषद्,
नई दिल्ली ।

24. श्री राधारमण, सदस्य
प्रधान,
शिशु कल्याण, भारतीय परिषद्
नई दिल्ली ।

25. श्री नौहरिया राम, सदस्य
उप सलाहकार, शिक्षा, समाज सुरक्षा विभाग,
नई दिल्ली ।

26. श्री एम० वाई० गोडबोले, सदस्य
आयुक्त, पंचायती राज,
सामुदायिक विकास एवं सहकार मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

27. श्री पी० डी० कुलकर्णी, सदस्य-सचिव
सहायक-प्रमुख,
योजना आयोग ।

3. पैनल अपने अध्ययन के लिए समितियां गठित कर सकता है और सदस्यों को सहयोजित कर सकता है ।

4. पूरे पैनल या उसकी समितियों की बैठकें अध्यक्ष के निर्णयानुसार नई दिल्ली या अन्य स्थानों पर समय-समय पर हो सकती हैं ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि कि इस संकल्प की एक प्रति भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित की जाय तथा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित कर दिया जाय ।

पिछड़े वर्गों के कल्याण से सम्बन्धित पैनल

सं० यो० आ०/स० क०/17(15)/64—योजना आयोग ने संकल्प संख्या यो० आ०/स० क०/17(15)/64 दिनांक 17 अक्तूबर 1964 में गठित पिछड़े वर्गों के कल्याण से सम्बन्धित पैनल का पुनर्गठन कर दिया है । यह पैनल पिछड़े वर्गों के कल्याण से सम्बन्धित क्षेत्र में तीसरी पंचवर्षीय योजना के कार्यक्रमों की समीक्षा करेगा और चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान योजना आयोग को भावी कार्यक्रमों पर सलाह देगा ।

पुनर्गठित पैनल निम्न प्रकार से होगा :—

1. श्री तरलोक सिंह, सदस्य, योजना आयोग अध्यक्ष
2. स्वामी रंगनाथानंद, रामकृष्ण मिशन, कलकत्ता । सदस्य
3. श्री अनिल के० चंदा, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त, नई दिल्ली । सदस्य
4. प्रो० वी० एच० मेहता, (निदेशक गोडवाना आदिम जाति) अनुसंधान संस्था, टाटा समाज विज्ञान संस्था, बम्बई । सदस्य
5. एम० अब्दुल कादिर, रोजगार प्रशिक्षण के महा निदेशक, नई दिल्ली । सदस्य
6. डा० बी० एस० हैकरवाल, अपराध-विज्ञान और दण्डशास्त्र के प्रोफेसर, काशी विद्यापीठ, वाराणसी । सदस्य
7. श्री शिवमूर्ति स्वामी, संसद् सदस्य, नई दिल्ली । सदस्य
8. श्री एम० जी० उइके, संसद् सदस्य, नई दिल्ली । सदस्य
9. श्री राम धनी दास, संसद् सदस्य, नई दिल्ली । सदस्य
10. श्रीमती टी० लक्ष्मी कान्तम्मा, संसद् सदस्य, नई दिल्ली । सदस्य
11. श्री पी० एन० राजभोज, अध्यक्ष, भारत दलित सेवक संघ, पूना । सदस्य
12. प्रो० एम० एन० श्रीमनिवास, अध्यक्ष, समाज शा विभाग, दिल्ली वि विद्यालय, दिल्ली । सदस्य
13. श्री ए० के० करन, सदस्य-सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, बम्बई । सदस्य
14. श्री ए० डब्ल्यू० सहस्रबुद्धे, अध्यक्ष, ग्राम उद्योग योजना समिति, योजना आयोग । सदस्य
15. श्री जीवनलाल जैरामदास, मंत्रिव, हरिजन सेवक संघ, दिल्ली । सदस्य

16. श्री डाह्या भाई नायक, संसद् सदस्य, सदस्य
महा सचिव,
भारतीय आदिम जाति सेवक संघ
नई दिल्ली ।

17. श्री धर्मदेव शास्त्री, अवैतनिक सचिव, सदस्य
भारतीय आदिम जाति सेवक संघ,
नई दिल्ली ।

18. श्री परिपूर्णानन्द वर्मा, सदस्य
प्रधान,
अखिल भारतीय अपराध निवारण समिति,
कानपुर ।

19. श्री एल० एम० श्रीकान्त, सदस्य
महा मंत्री,
गांधी स्मारक निधि,
वाराणसी ।

20. श्री राधाकृष्ण, सदस्य
महा मंत्री,
सर्व सेवा संघ,
वाराणसी ।

21. श्री माणिक्यलाल वर्मा, संसद् सदस्य, सदस्य
महा मंत्री,
भारती घुमान्तु जन सेवक संघ,
नई दिल्ली ।

22. डा० पी० डी० शुक्ल, सदस्य
संयुक्त सलाहकार, शिक्षा,
शिक्षा मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

23. श्री एम० पी० भार्गव, सदस्य
आयुक्त (सहकारिता)
सामुदायिक विकास और सहकारिता
मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

24. श्री एम० वाई० गोडबोले, सदस्य
आयुक्त (पंचायती राज)
सामुदायिक विकास और सहकारिता
मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

25. श्री जयपालसिंह, संसद् सदस्य, सदस्य
प्रधान, अखिल भारतीय आदिवासी
महासभा,
नई दिल्ली ।

26. श्री एस० एम० सिद्दीया, संसद् सदस्य, सदस्य
हरिजन कल्याण,
केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड
नई दिल्ली ।

27. श्री रिणांग किंगिंग, संसद् सदस्य, सदस्य
आदिम जाति कल्याण,
केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड,
नई दिल्ली ।

28. श्री एस० पी० सेनगुप्त, सदस्य
संयुक्त सचिव,
समाज शिक्षा विभाग,
नई दिल्ली ।

29. श्री पी० डी० कुलकर्णी, सदस्य-सचिव
सहायक प्रमुख,
योजना आयोग ।

2. पैनल अपने अध्ययन के लिए समितियां गठित कर सकता है और सदस्यों को सहयोजित कर सकता है ।

3. पूरे पैनल या उसकी समितियों की बैठकें अध्यक्ष के निर्णयानुसार नई दिल्ली या अन्य स्थानों पर समय-समय पर हो सकती हैं ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित की जाय तथा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेज दी जाय ।

एम० दत्त, संयुक्त सचिव

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मन्त्रालय

संकल्प

सीमाशुल्क टैरिफ

नई दिल्ली, दिनांक 17 मार्च 1964

सं० 10(8)/63-गाट—भारतीय सीमा शुल्क टैरिफ का वर्तमान ढांचा, अपने विस्तृत स्वरूप में, राष्ट्र संघ सीमा शुल्क अभिधान मसौदे का अनुसरण करता है जो कि 1927 में स्थापित राष्ट्र संघ की आर्थिक समिति के विशेषज्ञों की उप-समिति द्वारा तैयार किया गया था । युद्धोत्तर अवधि में, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के बदले हुए स्वरूप के अनुकूल, उत्पादों का नया वर्गीकरण तथा अभिधान किया गया है । उन में से एक है "ब्रूसेल्स टैरिफ अभिधान" जिसे योरोपीय सीमा शुल्क संघ अध्ययन दल, 1955 ने तैयार किया था और जिसका दावा है कि उसने दल में सम्मिलित सत्तरह योरोपीय देशों के टैरिफ अभिधान के सामान्य लक्षणों और नवीनतम प्राविधिक तथा वाणिज्यिक विकासों को भी ध्यान में रखा है । एक और है "प्रतिमानित अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार वर्गीकरण" जो राष्ट्रीय व्यापार आंकड़ों को समान आधार पर एकत्रित करने के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तैयार किया गया है ।

2. एक के बाद एक पंचवर्षीय योजनाओं के परिपालन में औद्योगिक तथा आर्थिक विकास में पर्याप्त प्रगति हुई जिससे भारत के विदेशी व्यापार के ढांचे तथा स्वरूप में काफी परिवर्तन हो गया है । इसलिए भारत सरकार तथा व्यापारी समुदाय दोनों ने ही वर्तमान टैरिफ के विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता अनुभव की है जिससे उसमें आधुनिक ढंग पर और इस रीति से परिवर्तन किया जा सके जो भारत के विदेशी व्यापार के स्वरूप तथा ढांचे को ध्यान में रखते हुए अधिक उपयुक्त हो ।

भारत सरकार द्वारा समय-समय पर स्थापित विभिन्न आयोगों तथा समितियों द्वारा जिनमें हाल ही में स्थापित श्री ए० रामास्वामी मुदालियार समिति भी है, प्रस्तुत की गई रिपोर्टों में भी भारतीय सीमा शुल्क टैरिफ का पूर्णतः सुधार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है । तदनुसार भारत सरकार ने भारतीय सीमा शुल्क टैरिफ ढांचे की व्यापक जांच करने तथा ऐसे उपायों की जिनसे उसमें परिवर्तन और सुधार किया जा सके सिफारिश करने के लिए एक समिति नियुक्त करने का निश्चय किया है ।

3. समिति निम्नलिखित से मिल कर बनेगी :—

(1) संयुक्त सचिव जिसका नामनिर्देशन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय द्वारा किया जायेगा ।

(2) एक आफिसर सदस्य जिसका नामनिर्देशन वित्त-मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा किया जायेगा ।

(3) एक आफिसर जिसका नामनिर्देशन प्राविधिक विकास विभाग द्वारा किया जायेगा ।

(4) एक आफिसर जिसका नामनिर्देशन उद्योग मंत्रालय द्वारा किया जायेगा ।

(5) एक आफिसर जिसका नामनिर्देशन लोहा और इस्पात विभाग द्वारा किया जायेगा ।

(6) एक आफिसर जिसका नामनिर्देशन खान और धातु विभाग द्वारा किया जायेगा ।

(7) एक आफिसर जिसका नामनिर्देशन पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय द्वारा किया जायेगा ।

(8) टैरिफ आयोग, बम्बई का एक प्रतिनिधि ।

(9) एक आफिसर जिसका नामनिदशन महानियंत्रक आयात और निर्यात द्वारा किया जायेगा ।

(10) भारतीय वाणिज्य और उद्योग मण्डलों के फेडरेशन का एक प्रतिनिधि ।

(11) अखिल भारतीय विनिर्माता संघ, बम्बई का एक प्रतिनिधि ।

(12) अखिल भारतीय आयातक संगम, बम्बई का एक प्रतिनिधि ।

(13) अखिल भारतीय निर्यातक मण्डल, बम्बई का एक प्रतिनिधि ।

(14) एक संयुक्त निदेशक, निर्यात प्रोत्साहन, जिसका नामनिर्देशन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय द्वारा किया जायेगा ।

सदस्य सचिव

(15) एक ज्येष्ठ आफीसर जिस का नामनिर्देशन वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा किया जायेगा ।

4. समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे :—

(1) भारतीय सीमाशुल्क टैरिफ (आयात और निर्यात) अनुसूची की वर्तमान संरचना की भारत के आयात और निर्यात व्यापार के स्वरूप और उत्पादों के गठन के प्रति निर्देश से जांच करना,

(2) मद (1) के अधीन की गई जांच के प्रकाश में और अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों और व्यापार के बदले हुए स्वरूप को ध्यान में रखते हुए, यह सिफारिश करना कि आयात टैरिफ अनुसूची ब्रूसेल्स टैरिफ अभिधान पर या अन्य अन्तर्राष्ट्रीय अभिधान पर आधारित या आवश्यक सुधार के पश्चात् भारत की अपनी पृथक् आयात टैरिफ अनुसूची बनी रहे,

(3) उन उपायों के बारे में जिन से सीमाशुल्क टैरिफ अनुसूची में परिवर्तन होना चाहिये, विशेषकर—

(क) अभिनव विकास की और वाणिज्यिक महत्व की चीजों के लिए अतिरिक्त टैरिफ मदों के बनाने,

(ख) व्यापार के बदले हुए स्वरूप के संदर्भ में मशीन, लोहे और इस्पात और वस्त्रों के वर्गीकरण के पुनरीक्षण,

(ग) चीजों के भागों के निर्धारण के लिए उपबन्ध करने की आवश्यकता के प्रति निर्देश से भारत सरकार को सलाह देना

(4) निर्यात टैरिफ अनुसूची के अभिधान और वर्गीकरणों में यथोचित संशोधनों की सिफारिश करना,

(5) भारतीय टैरिफ अधिनियम, 1934, टैरिफ (संशोधन) अधिनियम, 1949 तथा अन्य सुसंगत विधानों के सारभूत उपबन्धों का पुनर्विलोकन करना और तन्निमित्त अपेक्षित उपान्तरणों या संशोधनों की सिफारिश करना,

(6) ऐसी अन्य सिफारिशें करना जो जांच के उद्देश्य के लिए संगत प्रतीत हों ।

5. समिति से इस बात की अपेक्षा नहीं की जाती है कि वह अलग-अलग उत्पादों या विभिन्न वर्ग के उत्पादों पर लागू शुल्क दरों के प्रश्न पर विचार करे और सीमा शुल्क टैरिफ के अधीन लागू शुल्क के स्तर के साथ उसका कोई सम्पर्क न होगा ।

6. समिति ऐसे सदस्य सहयोजित कर सकेगी जिनकी समय-समय पर आवश्यकता पड़े ।

7. समिति भारत सरकार को अपनी रिपोर्ट अपनी नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर देगी ।

आदेश

आदेश दिया गया कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सम्बद्ध व्यक्तियों/संस्थाओं को भेजी जाये ।

यह भी आदेश दिया गया कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

सी० एस० रामचंद्रन, संयुक्त सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

संकल्प

सीमाशुल्क टैरिफ

नई दिल्ली, दिनांक 27 अगस्त 1964

सं० 10(8)/63-गाट—समय-समय पर यथा-संशोधित भारत सरकार संकल्प सं० 10(8)/63-गाट तारीख 17 मार्च, 1964 के आंशिक उपान्तरण में उस के पैरा 3 के स्थान में निम्नलिखित रखा जायेगा :—

3. समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :—

(1) श्री एस० सुब्रमण्यन, भारतीय सांख्यिकी सेवा ।	सभापति
(2) श्री पी० चन्नमाल राव, सचिव ।	भारतीय वाणिज्य और उद्योग मण्डलों का फेडरेशन, नई दिल्ली ।
(3) श्री आर० बी० लेडेन, मैसर्स बोल्टाज लि०, बम्बई ।	सहयुक्त वाणिज्य मण्डल, कलकत्ता ।
(4) श्री वाई० ए० फजलभाई, मैसर्स जेनरल रेडियो एण्ड ऐप्लाएंसेज लि०, बम्बई ।	अखिल भारतीय विनिर्माता संघ, बम्बई ।
(5) श्री गुलाब चंद जी० सिराज, अध्यक्ष ।	अखिल भारतीय निर्यातक मण्डल, बम्बई ।
(6) श्री आर० सी० शाह, अध्यक्ष ।	अखिल भारतीय आयातक संगम, बम्बई ।
(7) श्री एम० पंचप्पा, उप सचिव	वित्त मंत्रालय (राजस्व और कम्पनी विधि विभाग) नई दिल्ली ।
(8) डा० बी० डी० कालेलकर, उप महानिदेशक (इंजीनियरिंग) ।	उद्योग और संभरण मंत्रालय (महानिदेशालय प्राविधिक विकास) नई दिल्ली ।
(9) श्री सी० बालासुब्रह्मण्यम, उप सचिव ।	उद्योग और संभरण मंत्रालय (उद्योग विभाग) नई दिल्ली ।
(10) श्री एस० सी० मुकर्जी, लोहा और इस्पात नियंत्रक कलकत्ता ।	इस्पात और खान मंत्रालय (इस्पात और खान विभाग), नई दिल्ली ।

(11)	श्री एस० पी० गुगनानी, उप सचिव ।	इस्पात और खान मंत्रालय (इस्पात और धातु विभाग), नई दिल्ली ।
(12)	श्री एस० डी० भमब्री, उप सचिव ।	पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय, नई दिल्ली ।
(13)	श्री सी० आर० कृष्णास्वामी राव साहेब, संयुक्त निदेशक ।	वाणिज्य मंत्रालय (निर्यात प्रोत्साहन संगठन), नई दिल्ली ।
(14)	श्री बी० ए० पद्मनाभन, उपनिदेशक (गाट) ।	वाणिज्य मंत्रालय, गाट अनुभाग, नई दिल्ली ।
(15)	डा० पी० के० मुखर्जी, आर्थिक और सांख्यिकी उप-सलाहकार ।	खाद्य और कृषि मंत्रालय नई दिल्ली ।
(16)	डा० पी० बी० गुनिशास्त्री, निदेशक (पुनर्विलोकन और गवेषणा) ।	टैरिफ आयोग, बम्बई
(17)	श्री के० एल० सक्सेना, निदेशक, सांख्यिकी ।	मुख्य नियंत्रक आयात और निर्यात कर कार्यालय, नई दिल्ली ।
(18)	(नामनिर्देशन होना है)	वाणिज्यिक खुफिया और सांख्यिकी विभाग कलकत्ता ।
(19)	श्री एम० वेंकटेसन, भारतीय राजस्व सेवा ।	सदस्य सचिव

आदेश

आदेश दिया गया कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सम्बद्ध व्यक्तियों/संस्थाओं को भेजी जाये और यह कि सर्व साधारण की जानकारी के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

संशोधन

दिनांक 4 जनवरी 1965

सं० 10(8)/63-गाट०—27 अगस्त, 1964 के सरकारी संकल्प द्वारा यथा उपान्तरित भारत सरकार संकल्प सं० 10(8)/63 गाट तारीख 17 मार्च, 1964 की कण्डिका 3 में उसकी मद (13) के स्थान में निम्नलिखित रखा जायेगा :—

(13)	श्री जे० बनर्जी, निदेशक	वाणिज्य मंत्रालय (निर्यात प्रोत्साहन संगठन नई दिल्ली ।

आदेश

आदेश दिया गया कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सम्बद्ध व्यक्तियों/संस्थाओं को भेजी जाये और यह कि सर्व साधारण की जानकारी के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

डा० एन० बनर्जी, संयुक्त सचिव

उद्योग तथा सम्भरण मंत्रालय

(उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 मार्च 1965

सं० 3-102/64-एम० ई० आई०—उद्योग तथा संभरण मंत्रालय के संकल्प सं० 3-102/64-एम० ई० आई०, तारीख 9 फरवरी 1965 के सन्दर्भ में जिसमें सीमेंट मशीन उद्योग की कुछ समस्याओं की जांच करने के लिये एक तकनीकी समिति गठित करने का उल्लेख किया गया था ।

2. इस समिति का अध्ययन अभी पूरा नहीं हुआ है इस कारण वह निश्चित तारीख अर्थात् 15 मार्च 1965 तक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकी है । अतः उसे अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये दिया गया समय बढ़ाकर 15 अप्रैल 1965 तक कर दिया गया है ।

